भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 129
(जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 1 दिसम्बर, 2025/10 अग्रहायण,1947 (शक) को दिया जाना है)

प्रति नागरिक प्रति व्यक्ति ऋण

129. श्री यूसुफ पठानः

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत ग्यारह वर्षों के दौरान प्रति नागरिक प्रति व्यक्ति ऋण की राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या ऋण लेने वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि हो रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) 2014 से 2025 तक परिवारों की समग्र वित्तीय देयताओं की कुल राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) विगत ग्यारह वर्षों के दौरान देश के विदेशी ऋण का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आरबीआई) के अनुसार मार्च 2018 से, ऋण लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर औसत ऋण और लाइव यूनिक बॉरोअर्स का डेटा उपलब्ध है और नीचे दिया गया है। ऋण लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर औसत ऋण का डेटा लाइव यूनिक बॉरोअर्स के बकाया ऋण को दर्शाता है और यह किसी भारतीय नागरिक के औसत ऋण को नहीं दर्शाता। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, एक क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी ट्रांसयूनियन सिबिल को ऋण प्रदाता संस्थानों द्वारा दिए गए डेटा के अनुसार, वित्तीय प्रणाली में ऋण लेने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है।

वित्तीय वर्ष के अंत	लाइव यूनिक बॉरोअर्स का बकाया ऋण (₹ करोड़)	लाइव यूनिक बॉरोअर्स की संख्या जिन पर ऋण बकाया है (करोड़ में)	ऋण लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर औसत ऋण (₹)
मार्च -18	43,61,013	12.8	3,41,478
मार्च -19	51,32,865	14.6	3,52,764
मार्च -20	57,89,464	16.9	3,42,910
मार्च -21	63,99,851	18.7	3,41,408
मार्च -22	74,79,945	20.2	3,70,280
मार्च -23	89,44,880	22.8	3,92,028
मार्च -24	1,13,31,879	26.3	4,31,225
मार्च -25	1,35,09,017	28.3	4,77,583

(ग) : भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार वर्ष 2014-15 से घरेलू वित्तीय देयताओं संबंधी डेटा इस प्रकार है:

वर्ष	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25*
करोड़ रुपये में	3.8	3.9	4.7	7.5	7.7	7.7	7.4	9.0	16.0	18.8	15.7
सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में	3.0	2.8	3.0	4.4	4.1	3.9	3.7	3.8	5.9	6.2	4.7

* भारतीय रिजर्व बैंक बुलेटिन, अगस्त 2025, ओकेशनल सीरीज़ टेबल 50(क) के अनुसार प्रारंभिक अनुमान।

स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय और भारतीय रिजर्व बैंक।

(घ) : भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, भारत के विदेशी ऋण संबंधी आंकड़े निम्नानुसार हैं:

मार्च अंत	**₹ करोड़**
2015	29,71,542
2016	32,17,563
2017	30,55,095
2018	34,41,960
2019	37,54,872
2020	41,97,652
2021	41,92,353
2022	47,00,446
2023	51,29,944
2024	55,75,456
2025	63,00,108
जून अंत 2025	63,94,246

स्रोतः भारतीय रिजर्व बैंक

*****